प्रादेशिक समाचार

22.02.2026 आकाशवाणी जयपुर–अजमेर 18.30 पीएम

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एआई इम्पैक्ट समिट को आर्टिफिशयल इटेलिजेंस के क्षेत्र में विश्व के लिए महत्वपूर्ण बताया।
- प्रधानमंत्री ने आकाशवाणी से 'मन की बात' कार्यक्रम में देश में अंगदान के प्रति जागरूकता बढ़ने की सराहना करते हुए सीकर के रामदेव सिंह का जिक्र किया।
- केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा–केन्द्र सरकार देशभर में साईबर सुरक्षा जागरूकता को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है।
- जयपुर में एयर शो में भारतीय वायुसेना का शौर्य नजर आया–सूर्यकिरण विमानों और सारंग हेलीकॉप्टरों ने हैरतअंगेज करतब दिखाए।

00000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट भविष्य विश्व स्तर पर एआई की शक्ति के उपयोग की दिशा में महत्वपूर्ण पड़ाव साबित हुआ है। आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने बताया कि समिट के लिए नई दिल्ली में कई देशों के नेता, उद्योगपति, नवप्रवर्तक और स्टार्टअप क्षेत्र से जुड़े लोग एकत्र हुए। इस समिट में दुनिया को एआई के क्षेत्र में भारत की अद्‌भुत क्षमताएं देखने को मिली हैं। इस दौरान भारत ने तीन मेड इन इंडिया एआई मॉडल भी लांच किए। यह अपने आप में अब तक की सबसे बड़ी एआई समिट रही है।
श्री मोदी ने कहा कि उन्होंने इंडिया एआई प्रदर्शनी में विश्व नेताओं को कई वस्तुएं दिखाईं।

00000

प्रधानमंत्री ने समिट की सफलता के लिए देशवासियों को बधाई दी। श्री मोदी ने कहा कि वर्तमान टी–20 क्रिकेट विश्व कप में कनाडा, अमरीका, ओमान, न्यूजीलैंड, संयुक्त अरब अमीरात और इटली की टीम में कई भारतीय मूल के खिलाड़ी हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय जहां भी जाते हैं अपनी मातृभूमि की जड़ों से जुड़े रहते हैं। साथ ही अपनी कर्मभूमि यानि जिस देश में रहते हैं उसके विकास में भी सहयोग करते हैं। अंगदान पर बात करते हुए श्री मोदी ने कहा कि देश में अंगदान के प्रति जागरूकता लगातार बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि एक नेक काम अनगिनत लोगों का जीवन बदल सकता है। इस दौरान उन्होंने सीकर के रामदेव सिंह के किडनी ट्रांसप्लांट का भी जिक्र किया।

00000

प्रधानमंत्री मोदी ने साइबर सुरक्षा की भी बात की। उन्होंने कहा कि 'मन की बात' में डिजिटल अरेस्ट और डिजिटल धोखाधड़ी पर उनके भाषण के बाद समाज में इस दिशा में काफी जागरूकता आई है।

00000

श्री मोदी ने बताया कि राष्ट्रपति भवन में कल से राजगोपालाचारी उत्सव मनाया जाएगा। एक मार्च तक चलने वाले इस उत्सव के दौरान राष्ट्रपति भवन में स्वतंत्र भारत के पहले गवर्नर जनरल सी. राजगोपालाचारी की प्रतिमा का अनावरण होगा। प्रधानमंत्री ने आशा व्यक्त की कि विद्यार्थी पूरी लगन से अपनी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं और तनाव में नहीं हैं।

00000

प्रधानमंत्री ने रमज़ान और आगामी होली के त्यौहार की देशवासियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने 'वोकल फॉर लोकल' के मंत्र को भी दोहराया। इधर प्रदेश में भी मन की बात कार्यकम को लेकर विशेष उत्साह नजर आया। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने वाटिका स्थित पंडित दीन दयाल उपाध्याय सामुदायिक केन्द्र में आमलोगों के साथ मन की बात कार्यकम

को सुना। इस अवसर पर सांसद मंजू शर्मा, विधायक कैलाश वर्मा सहित कई जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

00000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज कोटा में मथुराधीश मंदिर कोरिडॉर के पहले चरण के विकास कार्यों का शिलान्यास किया। इस महत्वकांक्षी परियोजना में सड़कों को चौड़ा करने, मंदिर परिक्रमा मार्ग के सौंदर्यकरण, पार्किंग सुविधा विकसित करने और यात्रियों के लिए होटल निर्माण का काम शामिल है। इस पर करीब सवा 66 करोड़ रुपये की राशि खर्च की जाएगी। इस मौके पर श्री बिरला ने कहा कि सरकार प्रतिबद्धता के साथ आस्था के केन्द्रों का पुनर्विकास कर रही है।

00000

श्री बिरला आज कोटा महोत्सव के तहत हैरिटेज वॉक में भी शामिल हुए।

00000

केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा है कि केन्द्र सरकार साईबर सुरक्षा जागरूकता को मजबूत करने तथा तकनीक आधारित पारदर्शी सुलभ न्याय व्यवस्था के निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है। वे आज राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से जयपुर में साईबर सुरक्षा पर आधारित तीन दिवसीय राष्ट्रीय न्यायिक सम्मेलन के समापन सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सम्मेलन से साईबर अपराधों से प्रभावी सुरक्षा और पीडितों को जल्द और निशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। श्री मेघवाल ने कहा कि सम्मेलन के दौरान महिलाओं, बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों के लिए सुरक्षित डिजिटल वातावरण सुनिश्चित करने पर मंथन हुआ।

0000

जयपुर में जल महल की पाल पर आज भारतीय वायुसेना की ओर से एयर शो आयोजित किया गय। इस शो में सूर्यकिरण विमानों और सारंग हेलीकॉप्टरों ने हैरतअंगेज कलाबाजियां दिखाई। इस दौरान पांच सारंग हेलीकॉप्टरों की टीम ने आसमान में कई आकृतियां बनाकर सबको रोमांचित कर दिया। एयर शो से पहले कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने भारतीय वायुसेना के साहस और शौर्य की सराहना की।

00000

कार्यक्रम में राज्यपाल हरिभाऊ बागडे, उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी और वायु सेना के अधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी और बडी संख्या में आमजन मौजूद रहे।

0000

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 28 फरवरी को अजमेर आयेंगे। उनका कायड़ विश्रामस्थली से जनसभा को संबोधित करने का कार्यक्रम है। श्री मोदी के प्रस्तावित दौरे के मद्‌देनजर आज सभास्थल पर विधिवत भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी, केंद्रीय कृषि राज्य मंत्री भागीरथ चौधरी, जल संसाधन मंत्री सुरेश रावत सहित कई जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। श्री देवनानी ने सभास्थल की व्यवस्थाओं का जायजा लिया और अधिकारियों को जरूरी दिशानिर्देश भी दिए। पत्रकारों से बातचीत करते हुए केन्द्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी ने बताया कि प्रधानमंत्री इस दौरान प्रदेश को विभिन्न सौगात देंगे।

0000

निर्वाचन आयोग की ओर से कल नई दिल्ली में राज्य चुनाव आयुक्तों के साथ सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार सम्मेलन की अध्यक्षता करेंगे। सम्मेलन में, राज्य निर्वाचन आयुक्त अपने कानूनी और तकनीकी विशेषज्ञों और सभी राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य चुनाव अधिकारी शामिल होंगे। सम्मेलन का उद्देश्य निर्वाचन आयोग और राज्य निर्वाचन आयुक्तों के कामकाज में तालमेल को बढ़ावा देना है। सम्मेलन में प्रौद्योगिकी, ईवीएम और मतदाता–सूची साझा करने पर चर्चा होगी।

0000

सीकर जिले के खाटूधाम में आयोजित बाबा श्याम के फाल्गुनी मेले के दूसरे दिन बडी संख्या में श्रद्धालु पंहुचे। इस अवसर पर बाबा श्याम का विशेष श्रृंगार किया गया। बंगाल से मंगवाए गए गुलाबी फूलों सहित देश–विदेश के 108 प्रकार के फूलों से दरबार को भव्य रूप से सजाया गया है। मेले की शुरुआत के साथ ही खाटू नगरी में भंडारों और सेवा शिविरों की श्रृंखला भी शुरू हो गई है। रींगस–खाटू पदयात्रा मार्ग सहित पूरे क्षेत्र में दर्जनों सेवा शिविर संचालित हो रहे हैं। इधर राजधानी जयपुर से होकर निकल रही पदयात्राओं से मार्ग गुलजार नजर आ रहे है। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने आज अम्बाबाडी के पास खाटूश्याम जी जा रहे पदयात्रियों से मुलाकात की।

**00000**

आईसीसी टी–20 क्रिकेट विश्व कप में अब से कुछ देर बाद भारत और दक्षिण अफ्रीका की टीमें आमने–सामने होंगी। सुपर एट चरण का ये मुकाबला अहमदाबाद के नरेन्द्र मोदी स्टेडियम में खेला जायेगा। भारत और दक्षिण अफीका की टीमे ग्रुप में अपने सभी मैच जीतकर शीर्ष स्थान पर रही है।

**0000**